## छात्रावास अधीक्षक का बना जॉब कार्ड, मृत होने के बाद भी जिंदा है कार्ड


# जांच हो रही गोलमोल, एफआईआर की मांग

* गांव के बाहर रहकर पढ़ रही छात्रा के नाम पर भी लगी हाजरी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

रोजगार सहायक की बुआ के दो पुत्र 20 वर्षों से इंदौर में निवासरत हैं लेकिन दोनों के जॉब कार्ड में फर्जी हाजरी भरकर राशि का आहरण किया गया। रोजगार सहायक ने अपनी शासकीय टीजर पत्नी को भी नहीं छोड़ा, इनके नाम पर भी राशि डाली गई। 09 वर्षीय अपनी पुत्री एवं 13 वर्षीय भतीजी के नाम पर भी किया गया राशि का आहरण। अपने वृध्द नाना-नानी के नाम का भी लिया गया लाभ, बाहर से नौकरी करने आये छात्रावास अधीक्षक का भी बनाया गया जॉब कार्ड। इनके मृत होने के बाद भी जॉब कार्ड जीवित है। इस तरह से अनेकों फर्जी जॉब कार्ड बनाकर मनरेगा के विभिन्न कार्यों में घपलेबाजी करते हुए फर्जी हाजरी भरकर राशि निकाली गई है। ऐंसा आरोप नारायणगंज जनपद पंचायत घोंटखेड़ा के रोजगार सहायक सुरेश कुमार कुशराम पर लगाते हुए लगातार शिकायत की जा रही है। यहाँ के पोषक ग्राम चाटी के निवासी रामप्रसाद आर्मो द्वारा 43 पेज दस्तावेज लगाकर उक्त रोजगार सहायक पर एफ.आई.आर. दर्ज कराने की मॉग जिला कलेक्टर से विगत दिवस की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि, जनपद स्तरीय जॉच गोलमोल की जा रही है जबकि आवेदन में लिखे गये बिन्दु पूर्णतः प्रमाणित हैं। शिकायत के बाद आरोपी रोजगार सहायक शिकायतकर्ता को मारने पीटने की धमकी दे रहा है जिसकी शिकायत भी पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक से की गई है।





### टीचर पत्नी, पुत्री, भतीजी, नाना नानी सभी के खातों में डाली गई राशि

अनावेदक रोजगार सहायक सुरेश कुमार कुशराम पिता स्व. ओमकार कुशराम के द्वारा अपना नाम बदलकर स्वयं सूरज पिता ओमकार के नाम पर जॉब कार्ड क्र. 65B बनाया गया है। उक्त जॉब कार्ड में अपनी पत्नी नीलू का नाम बदलकर नीलम के नाम से फर्जी हाजरी लगाकर शासकीय राशि का आहरण किया गया है जबकि इनकी पत्नी शासकीय शिक्षक है। अनावेदक की मॉ धन्नो बाई पिता हरिलाल (DHANNO/HARILAL) के नाम से बना जॉब कार्ड क्र. 101A में अनावेदक की पुत्री समृध्दि की फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है जबकि समृध्दि की उम्र 9 वर्ष है। अनावेदक के बड़े भाई स्व.सुरेन्द्र पिता स्व.ओमकार कुशराम की पुत्री साक्षी जिसकी आयु 13 वर्ष है इनके नाम पर भी जॉब कार्ड क्र. 65A के माध्यम से फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। अनावेदक की भाभी राजेन्ती कुशराम के पति मृत हो चुके हैं और इनके पति के नाम का जॉब कार्ड क्र. 65A बना हुआ है जिसमें नाबालिग बच्चियों की हाजरी लगायी जा रही है। और भाभी का अलग से जॉब कार्ड क्र. 66A बनाकर फर्जी हाजरी भरकर राशि का आहरण किया जा रहा है जबकि नियमानुसार अनावेदक की भाभी राजेन्ती कुशराम का नाम उनके पति स्व.सुरेन्द्र कुशराम के जॉब कार्ड में जोड़ा जाना चाहिए था। अनावेदक के बड़े भाई स्व.सुरेन्द्र पिता स्व.ओमकार कुशराम के पुत्र विवेक उर्फ (मिथलेश, विनय) की आयु 15 वर्ष है इनके नाम पर भी जॉब कार्ड क्र. 56 के माध्यम से फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। अनावेदक के नाना हरिलाल उइके जिनकी आयु लगभग 80 वर्ष है एवं नानी तिज्जो बाई उइके जिनकी आयु लगभग 75 वर्ष है जो वृध्द हो चुके हैं जिनकी शारीरिक स्थिति श्रम करने योग्य नहीं है उन्हें वृध्दा पेंशन का लाभ मिल रहा है। फिर भी जॉब कार्ड क्र. 85 के माध्यम से इनके नाम से फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। अनावेदक की बुआ धनिया बाई उइके के पुत्र सियाराम पिता गोपाल लगभग 20 वर्षों से इंदौर में निवासरत हैं जो प्राइवेट जॉब कर रहे हैं। इनका भी जॉब कार्ड क्र. 03 बनाकर फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। इसी तरह बुआ के दूसरे पुत्र रवि उइके पिता गोपाल का जॉब कार्ड क्र. 77A बनाकर फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। 8. पोषक ग्राम चाटी में संचालित ऑगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका खुजला बाई पति स्व. इंदर के नाम से भी जॉब कार्ड क्र. 04 में फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। जिसका उपस्थिति पत्रक व मस्टर रोल की तिथी देखी जा सकती है। रनमत पिता रामसिंह परते जबलपुर में निवासरत हैं जो ट्रांसपोर्ट वाहन के ड्राईवर हैं इनके नाम से भी जॉब कार्ड 39A बनाकर फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। ग्राम चाटी निवासी पारवती मरकाम पति हीरासिंह मरकाम दोनों मृत हो चुके हैं और इनके पुत्र रमेश मरकाम अपने ससुराल ग्राम घोंटखेड़ा में 15 वर्षों से निवासरत हैं जिनका जॉब कार्ड क्र. 138A ग्राम घोंटखेड़ा में बना हुआ है। फिर भी पोषक ग्राम चाटी में मृत पारवती मरकाम पति हीरासिंह मरकाम के जॉब कार्ड क्र. 09 में फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। इस तरह एक ही व्यक्ति के दो जॉब कार्ड बना दिए गये हैं। ग्राम मधुपुरी तहसील मण्डला निवासी स्व.महासिंह मरावी पिता स्व. परम मरावी ग्राम चाटी में शासकीय आदिवासी बालक छात्रावास के अधीक्षक थे, इनके नाम से भी जॉब कार्ड क्र. 96 बनाया गया है। उक्त जॉब कार्ड में भूतपूर्व सरपंच राजेश्वररी तेकाम के पुत्र छब्बीलाल तेकाम (Chhabbilal) की फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। भोपत पिता हरीसिंह परते पोषक ग्राम चाटी में रहते थे इस दौरान इनका जॉब कार्ड क्र. 11 बनाया गया था। अब ये लगभग 15 वर्षों से ग्राम खुखसर बकौरी मण्डला के पास निवासरत हैं। नियमानुसार उक्त जॉब कार्ड निरस्त कर दिया जाना चाहिए था, किन्तु उक्त जॉब कार्ड में अनावेदक के दोस्त संजीव कुमार यादव एवं रोशनी यादव का नाम जोड़कर फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। जबकि उक्त जॉब कार्ड एसटी वर्ग के नाम से बना है और उसमें ओबीसी वर्ग के लोगों का नाम जोड़ दिया गया है। सुबांसिया बाई पति सुकाली ग्राम चाटी निवासी हैं दोनों की लगभग 15 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है जिनका जॉब कार्ड क्र. 88 बनाया गया है जिसमें मृतक की परनातिन शकुन्तला की फर्जी हाजरी लगाकर राशि का आहरण किया गया है। जबकि शकुन्तला पॉलिटेक्निक कॉलेज मण्डला में छात्रावास पर रहकर वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत थी और इसी दौरान उनके खाते में राशि डाली गयी है जो नियम विरूध्द है। ग्राम चाटी निवासी हरिचन्द पिता देवल का जॉब कार्ड क्र. 10A बनाया गया है जिसमें उनकी पत्नी सुशीला परते एवं बच्चों का नाम दर्ज है। फिर भी एक दूसरा जॉब कार्ड क्र. 10C संध्या परते/हरिचन्द के नाम से बनाया गया है जिसमें फर्जी हाजरी भरकर राशि का आहरण किया गया है जबकि हरिचन्द के जॉब कार्ड क्र. 10A में उनकी पत्नी सुशीला एवं बच्चों का नाम दर्ज है। फिर ये महिला संध्या परते कौन है जिसे गॉव वाले आज तक नहीं देखे और इनके नाम पर राशि डाली जा रही है। अब देखना यह है कि, उक्त शिकायत को जिम्मेदार कितनी गम्भीरता से लेते हैं?




## खबर संक्षेप

### आशुतोष जायसवाल ने शतरंज में मारी बाजी




**मण्डला।** वुशू खिलाड़ी आशुतोष जायसवाल वुशू खेल के साथ अब शतरंज में भी अपनी धाक जमा रहे हैं। विगत दिवस मोंटफॉर्ट विद्यालय में इंटरहाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग से अलग-अलग छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता करी। जिसमें 14 वर्षीय आयु वर्ग में कक्षा छठवीं के छात्र आशुतोष जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अग्रिम राउंड के लिए चयनित हुए। जिससे विद्यालय प्राचार्य शिक्षक व अभिभावकों ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### पुलिस अधीक्षक एवं सीईओ जिला पंचायत ने किया हेलीपेड का निरीक्षण

**मण्डला।** 4 एवं 5 मई 2025 को रामनगर में होने वाले आदि उत्सव को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने ग्राम चौगान स्थित हेलीपेड का अवलोकन करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हेलीपेड में सुरक्षा, बेरीकेटिंग, मेडीकल टीम आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे, ईईआरईएस, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते एपीओ जिला पंचायत कपिल तिवारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

### एसपी एवं सीईओ जिला पंचायत ने किया आदि उत्सव कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**मण्डला।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने रामनगर में आगामी 4 एवं 5 मई 2025 को होने वाले आदि उत्सव के कार्यक्रम स्थल पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि हेलीपेड, ग्रीनरूम, कार्यक्रम स्थल के पास तक सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने कार्यक्रम के लिए तैयार किए जा रहे स्टॉल, मंच, ग्रीनरूम, भोजन व्यवस्था आदि के विषय में जानकारी लेते हुए वर पक्ष एवं वधु पक्ष के लिए पृथक-पृथक रूकने की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। आमजन की बैठक व्यवस्था, मंच, मंच के मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम, भोजन, पेयजल, मेडीकल टीम, एम्बूलेंस, बेरीकेटिंग, साउंड सर्विस, हितलाभ वितरण, जोड़ों के विवाह कार्यक्रम आदि की अंतिम तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पुलिस अधिकारियों से पार्किंग, ट्राफिक क्लीयरेंस के लिए तैयार किए गए मैप के माध्यम से जानकारी लेते हुए कहा कि मंच के पीछे की ओर व्हीआईपी पार्किंग तैयार कराएं। बारात महल के पीछे के रास्ते की ओर से कार्यक्रम स्थल पर लाने के लिए मार्किंग कराएं। इसके अलावा हेलीपेड, सड़क तथा कार्यक्रम स्थल पर बेरीकेटिंग की व्यवस्था करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे, एसी ट्राइबल श्रीमती वंदना गुप्ता, उपसंचालक कृषि मधु अली, सहायक संचालक आदिवासी विकास रंजीत गुप्ता, ईईआरईएस, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, एपीओ जिला पंचायत कपिल तिवारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

# भुआ बिछिया में मनाया गया भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

माहिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज बिछिया द्वारा भगवान परशुराम जी का प्राकट्य उत्सव 29 अप्रैल को मनाया गया। प्रातः 08.00 बजे से श्रीराममन्दिर में भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन हवन आरती कार्यक्रम संपन्न किया गया। सर्व हिन्दू समाज के आमंत्रित अध्यक्ष/ वरिष्ठ प्रतिनिधियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सर्व सनातन हिन्दू समाज से राजपूत समाज, अग्रवाल समाज, जंघेला समाज, राय समाज, नामदेव समाज, नंदा समाज, रजक समाज, कार्तिकेय समाज, कसार समाज, सेन समाज, झरिया समाज, साहू समाज, यादव समाज, गोस्वामी समाज, विश्वकर्मा समाज, कबीर समाज, कायस्थ समाज, वाल्मीकि समाज, सिंधी समाज, आदिवासी समाज, बंजारा समाज, सोनी समाज आदि सभी समाजों के अध्यक्ष/ वरिष्ठ प्रतिनिधियों का सत्कार हुआ। इस अवसर पर भगवान परशुराम की भव्य झांकी और वाहन रैली नगर भ्रमण की जिसमें दो पहिया, चार पहिया वाहनों द्वारा कतारबद्ध होकर अनुशासित रूप से श्रीराममंदिर प्रांगण से दानीटोला तिराहा होते हुए बापा स्कूल (घुटास रोड), ब्लॉक कॉलोनी जंतीपुर से लिटिल फ्लावर शाला परिसर में रैली का समापन हुआ। महिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों तथा अन्य हिन्दू समाज के प्रतिनिधियो द्वारा भगवान परशुराम जी के विषय में तथा सनातन हिन्दू धर्म की एकता के विषय में संक्षिप्त उद्बोधन हुए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सहभोज से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में माहिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज बिछिया के समस्त वरिष्ठजन, पदाधिकारी, मातृशक्तियां, बाल बालिका समूह, युवा विप्र साथी तथा अन्य सभी समाजों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।



### मोहगांव क्षेत्र के 27 वर्षीय युवक ने किया फांसी लगाने का किया प्रयास



**मण्डला।** मण्डला के थाना मोहगांव क्षेत्र में रात्रि में आत्महत्या के उदेश्य से 27 वर्षीय युवक गोपाल प्रसाद मरावी पिता दुमार सिंह मरावी ने किया फाँसी लगाने का प्रयास, डायल-112/100 एफ आर व्ही ने युवक को अस्पताल पहुँचाया मंडला के थाना मोहगांव क्षेत्र अंतर्गत खेर माई मैदानी मोहल्ले में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 27-04-2025 को रात्रि 10:04 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना मोहगांव क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक चैन सिंह मरकाम पायलेट विनय सोनी ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञातकारणो से आत्महत्या के उदेश्य से 27 वर्षीय युवक ने पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाने का प्रयास किया था, जिसे स्थानीय लोगो ने फंदे से नीचे उतार लिया था। डायल-112/100 सेवा द्वारा तत्काल व्यक्ति को शासकीय अस्पताल मोहगांव पहुँचाया गया। डायल-112/100 जवानों की तत्परता से युवक को समय पर उपचार मिला।

**शुभारंभ** | स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर इस हॉस्पिटल से मरीजों को मिलेगा उचित उपचार।

# डीके हेल्थकेयर का कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ

* मरीजों को मिलेगा उचित मार्गदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






कटरा रोड़ स्थित डीके हेल्थकेयर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके ने किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर खोले गए इस हॉस्पीटल से मरीजों को उचित मार्गदर्शन के साथ समय पर उपचार मिलेगा। जिससे छोटी-छोटी बीमारियों के लिए मरीजों को महानगरों की ओर जाने की जरूरत नही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की हर सुविधा जिले में उपलब्ध हो इसकों लेकर सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं। इस दौरान उपस्थित डॉक्टर और संचालकों से कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मंडला आदिवासी जिला है जहां पर कई बार हमे धन के आभाव में भी ईलाज करना पड़ता है मरीजों को समय पर और सही ईलाज मिले इसके लिए काम करना चाहिए। इस दौरान डॉ. चैतन्य धावर्डे, डॉ. नृपिका पथारिया, डॉ. जतिन खातोडकर, डॉ. प्रियंका वाकपांजर धावर्डे. ने कैबिनेट मंत्री का पुष्पमाला से स्वागत किया और कैबिनेट मंत्री को अस्पताल का निरीक्षण कराते हुए उपलब्ध सुविधाओं के बारें में विस्तार से बताया। जिस पर मंत्री ने कहा कि मेरी शुभकामनाएं आपके साथ है इस दौरान संचालक डॉ चैतन्य धावडऱे. अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुधार के साथ हम सर्वोत्तम संभव देखभाल के साथ आपकी सेवा करेंगे। एक गंभीर बीमारी, दर्दनाक चोट, नियोजित सर्जरी, या अवलोकन और परीक्षणों के कारण आपको अब बाहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से अस्थी रोग का ईलाज कर रहे है जटिल से जटिल ऑपरेशन वे कर चुकें हैं। उन्होंने कहा कि कम दाम में बेहतर ईलाज हमारी प्राथमिकता में है। वहीं डॉ. जतिन खातोडकर क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों का निरंतर उपचार उचित मार्गदर्शन और शीघ्र स्वास्थ्य होने की प्रक्रिया पर हम काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में आपकी भलाई की रक्षा करने और सर्वोत्तम संभव चिकित्सा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कई प्रथाएं और प्रक्रियाएं मौजूद हैं। आप अपने प्रवास के दौरान अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के निर्देशों का पालन करके खुद को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। डॉ. प्रियंका वाकपांजर धावर्डे त्वचा रोग विशेषज्ञ ने कहा कि आज कल गलत खानपान के कारण त्वचा संबंधी अनेक रोग दिखाई दे रहे हैं। इन रोगों के उपचार के लिए अब महानगरों की ओर जाने की जरूरत नही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि उचित मार्गदर्शन के साथ सहीं सलाह त्वचा संबंधी रोगों का अब मंडला में ही निदान होगा। वहीं डॉ. नृपिका पथारिया प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ ने कहा कि डीके हेल्थ केयर में गर्भवती महिलाओं का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर टेस्ट कराने चाहिए। उन्होंने बताया कि अनेक गंभीर ऑपरेशन भी उन्होंने किए हैं जच्चा बच्चां दोनो स्वास्थ्य रहे इसको लेकर हम काम कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा भी पहुंचे और उन्होने डीके हेल्थकेयर के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दी। उपस्थित सभी अतिथियों का संचालक एवं टीम के द्वारा पुष्पमाला से स्वागत किया गया और अतिथियों को हॉस्पीटल का भ्रमण कराया गया। यहां पर तमाम सुविधाओं का अवलोकन कर अतिथियों ने प्रशंसा की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे सहित अनेक गणमान्य नागरिक पहुंचे।

# दो दिवसीय आदि उत्सव की तैयारियाँ समय पर पूर्ण करें-सीईओ जिला पंचायत

* रामनगर में अधिकारियों की बैठक में दिये गये निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




आगामी 4 एवं 5 मई को आयोजित किए जा रहे आदि उत्सव के तैयारियों के संबंध में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने रामनगर में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय आदि उत्सव आयोजन की तैयारियां समय पर पूर्ण करें। इसके लिए सभी अधिकारी तय किए गए दायित्वों के अनुसार अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दें। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि 4 मई को सुबह 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर एवं दिव्यांग शिविर आयोजित होंगे। दोनों शिविरों के साथ-साथ कृषि एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। दोपहर बाद आदिवासी लोक संस्कृति से जुड़ी संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसके बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 5 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत बारात निकासी, विवाह/निकाह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके बाद हितलाभ वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि दो दिवसीय संपूर्ण कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले सड़क मार्ग की आवश्यकतानुसार मरम्मत, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, चलित शौचालय, भोजन, पार्किंग, फायरब्रिगेड आदि की तैयारियां समय के पहले पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी हुनेन्द्र घोरमारे, एसी ट्राइबल श्रीमती वंदना गुप्ता, उपसंचालक कृषि मधु अली, सहायक संचालक आदिवासी विकास रंजीत गुप्ता, ईईआरईएस, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, एपीओ जिला पंचायत कपिल तिवारी, सीएमओ नगरपालिका मंडला गजानंद नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

## सर्व ब्राम्हण महासभा द्वारा आज मनाया जावेगा भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। भगवान विष्णु के अवतार एवं विप्र समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी का प्राकट्योत्सव आज 10 अप्रेल दिन बुधवार को अक्षय तृतीया के मौके पर अनेक कार्यक्रमों के साथ सर्व ब्राम्हण महासभा गाडरवारा द्वारा मनाया जाएगा। बताया जाता है कि इस आयोजन को लेकर बडे स्तर पर तैयारियाँ की गई है जिसके चलते लोगों द्वारा अपने घरों में भगवान परसुराम जी का विधि विधान के साथ पूजन किया जावेगा। वही भगवान की भव्य शोभायात्रा सहित अन्य कार्यक्रम 2 मई को आयोजित किये जावेगे।

## सत्तू अमावस्या पर पुण्य सलिला माँ रेवा की महाआरती सम्पन्न का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। मातु नर्मदे भक्त मंडल द्वारा विगत 26 फरवरी 2017 से अनवरत प्रत्येक अमावस्या को माँ रेवा की महाआरती का आयोजन मां नर्मदा जी के तट पर पहुंचकर की जा रही है। तेज बारिश का दौर चलता हो या फिर ठंड का मौसम हो मगर यह आयोजन रूकता नही है लगातार जारी रहता है। इसी के चलते गत बैशाख अमावस्या (सतुआई अमावस्या ) को समीपस्थ माँ नर्मदाजी के ककराघाट के दक्षिणतट पर महाआरती का आयोजन वेद मंत्रों व घंटा ध्वनियों सहित आरती की मधुर स्वरों के मध्य महाआरती का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस महाआरती की व्यवस्था राजेश्वरी एवं राघव त्रिपाठी के द्वारा की गयी। सतुआई अमावस्या के अवसर पर पूजन सामग्री द्वारा सभी उपस्थित भक्तों को सतुआ प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इस अवसर पर अनेक लोग मौजूद रहे।

## शिवधाम डमरूघाटी के मुख्य पुजारी शास्त्री का निधन



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के जाने माने संस्कृत के ज्ञानी व शिवधाम डमरूघाटी के प्रधान पुजारी आचार्य पंडित बालाराम शास्त्री का बीते हुये दिवस बीमारी के चलते जबलपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। ज्ञात हो कि बालाराम शास्त्री नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कृत विषय के शिक्षक (आचार्य) रहते हुये लम्बे समय तक अपनी सेवाये प्रदान करने के साथ नगर के अनेक युवाओं को संस्कृत के माध्यम से शिक्षित किया गया है। वही दूसरी ओर प्रदेश व देश में प्रसिद्ध नगर की धरोहर डमरू घाटी के प्रधान पुजारी के रूप में शिव अभिषेख सहित अन्य पूजन कार्यो के चलते स्व शास्त्री द्वारा अपनी एक अलग पहचान बनाई गई थी। इस तरह बालाराम शास्त्री के निधन के खबर सुनते ही जहां नगर सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ने से नही चूक पाई थी। वही सभी वर्ग के लोगों ने स्व शास्त्री को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

## जून माह की 10 तारीख तक किया जायेगा तुअर फसल का उपार्जन, किसानों को अपना पंजीयन कराने की आज अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। राज्य शासन के कृषि कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) के अंतर्गत फसल के लिए नीति जारी की गई है। वही जारी निर्देशों के अनुसार क्षेत्र में पंजीकृत किसानों से तुअर फसल का उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है और वह आने वाले माह यानि की 10 जून 2025 तक की अवधि में किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा तुअर फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। उप संचालक कृषि ने पंजीकृत किसान किसानों से अपेक्षा व्यक्त की गई है कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ई- उपार्जन पोर्टल **www.mpeuparjan.nic.in** पर स्लॉट बुक करते हुये अपनी तुअर फसल उपज का विक्रय कर सकते हैं। वही जिन किसानों ने उपार्जन के लिए पंजीयन नहीं कराया है। वही आज 30 अप्रैल तक अपना पंजीयन करा सकते हैं जिसके चलते आज आखरी तारीख है। वही किसानों से अधिक से अधिक तुअर फसल उपार्जन के लिए अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपेक्षा जताई गई है।

# आज अक्षय तृतीया पर रहेगी सामूहिक विवाह सम्मेलनों की धूम

### बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन द्वारा की जावेगी सख्त निगरानी, अलग अलग अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी











हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

लगातार शादियों में होने वाले धन की बर्बादी व प्रदर्शन को लेकर लोगों में जागरूता देखने मिल रही है जिसके चलते अनेक समाजों द्वारा इस प्रकार से शादियों में होने वाली धन की फिजूल खर्ची को रोकने के लिए जहां सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया जाने लगा है। जिसके माध्यम से बगैर किसी खर्च की लड़की के हाथ पीले होने से उसका दाम्यपत्य जीवन शुरू हो जाता है..? कुछ इसी प्रकार से प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन अक्षय तृतीया की शुभ बेला पर अधिक मात्रा में होते है। क्योंकि अक्षय तृतीया का मतलम होता है सबसे शुभ मुहुर्त। इसी के चलते लोग इस दिवस बगैर मुहुर्त देखे हुये की मांगलिक कार्यक्र संपन्न कराते है। वैसे देखा जावे तो इस वर्ष अक्षय तृतीय के मौके पर विवाह का विशेष मुहुर्त होने के चलते शादियों की धूम मची हुई देखी जा रही है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि दाम्यपत्य जीवन की शुरूआत करने के लिये कहा जाता है कि भले की कोई तिथि न हो फिर भी अकती के मौके पर विवाह किया जा सकता है? इसी के चलते आज अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मलेनों का आयोजन होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही इस वर्ष अक्षय तृतीया के मौके पर अनेक योगों का महायोग के चलते जहां अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों होने की संभावना बताई जा रही है। क्योंकि लम्बे अंतराल के बाद बन रहे इस महायोग जो शुभ फल दायक बताया जा रहा है। इसी के चलते आज 30 अप्रैल बुधवार को अक्षय तृतीया के मौके पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों की धूम रहेगी। वही दूसरी ओर अनेक जगहों पर आयोजित होनने वाले इन सार्वजनिक विवाह सम्मेलनों सहित समाजिक सम्मेलनों पर नाबालिग बच्चों की शादियों को रोकने के लिए प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। क्योकि शादी के लिये अक्षय तृतीया इस तरह का मुहुर्त माना जाता है कि इस मौके पर शादी करना शुभ माने जाने के कारण शादियों की धूम रहती है। मगर अक्सर देखा जाता है कि शादियों के महाकुंभ में अनेक लोग नाबालिग बेटी बेटियों की भांवरे पाड़ने से नही चूकते है..? इसी के चलते आज 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के मौके पर अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा तो अनेक लोगों के घरों में मंडप लनेगे। वही दूसरी ओर लोग अपने घरों में भी मिट्टी के गुडिया गुड्डो की शादी कराते कराते हुये अपने घरों में पूजन करते है। इसी के चलते अक्षय तृतीया के शुभ बेला में अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होने की खबरे मिल रही है? अनेक युवक, युवातियाॅ विवाह के पवित्र बंधन में बॅधकर अपने दाम्यपत जीवन के नए सफर की शुरूआत करेंगे। इसी के चलते अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन होने की खबरे मिल रही है। वही कुछ स्थानों पर लोगों द्वारा सामजिक तौर पर भी सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जा रहे है। गौरतलब है कि हिन्दू संस्कृति में विवाह को अनिवार्य संस्कार माना गया है और यह अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहुर्त्त होने से सर्वाधिक शादियाॅ होने की परम्परा रही है। इसी के चलते आज अनेक जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किये जाने की तैयारियाँ है। इस प्रकार से सामूहिक रूप से विवाह सम्मेलन को लेकर यह सच्चाई है कि वर्तमान भीषण महॅगाई के दौर में अब शादियों में धन के अनावश्क अपव्यय, शादियो में आडम्बर, प्रदर्शन के विरोध में लोग आवाज उठाने लगे है। जिसकी मिसाल है कि आज जहां तहां आयोजित हो रहे सामूहिक विवाह सम्मेलनों के माध्यम से देखने मिलेगी। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा भी अब कन्याओं की शादियों में जिस प्रकार से सहयोग प्रदान किया जाा रहा है उसके चलते निश्चित ही गरीबों के चेहरों पर मुस्कान देखने मिल रही है। वही जहां तहां आयोजित होने वाले विवाह सम्मेलनो को देखते हुए प्रशासन द्वारा भी इन सम्मेलनों पर अपनी पैनी नजर रखे हुए है। क्योंकि प्रशासन द्वारा आदेश दिया गया है कि इन सम्मेलनों की भीड़ में किसी प्रकार से बाल विवाह नही होना चाहिए जिसके चलते लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लडका की उम्र 21 वर्ष कम नही होना चाहिए यदि इस उम्र से कम उम्र का कोई जोड़ा पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। इस प्रकार से आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर लोगों का कहना है कि समय में आए बदलाव के साथ शादियो का परम्परागत रूप बदलना चाहिए और विवाह समारोहों के आयोजनों को तड़क भड़क से दूर रहना चाहिए। विवाहो की सादगी पर जोर देते हुए हरिभूमि से चर्चा करते हुए आमजन का कहना है कि वर्तमान स्थिति में लगातार बड़ रही महंगाई के चलते देखा जा रहा है कि विवाह समारोहों में लोग व्यर्थ में पैसा पानी की तरह बहा देते है और एक रात में अपने ऊपर कर्जा लाद लेते है। इस तरह महॅगी होती जा रही शादियो में बहुत सा धन मात्र प्रदर्शन में खर्च किया जाता है। इसलिए जरूरी है कि हर हाल में शादियो में फिजूल खर्ची पर नियंत्रण लगना चाहिए और सामाजिक लोगों द्वारा इस प्रकार से सामूहिक विवाह सम्मेलनों के माध्यम से यदि अपने बेटी बेटियों की शादी करे तो निश्चित तौर से जहां फिजूली खर्च पर अंकुश लगेगा वही दूसरी ओर प्रदेश सरकार द्वारा इन सम्मेलनों को अपनी ओर से आर्थिक मदद भी की जा रही है जिसका लाभ जोड़ो को मिल रहा है। क्योंकि इस सच्चाई से इंकार नही किया जा सकता कि भड़कीले शादी समारोहों में धन के साथ खाने का भी अवव्यय होता है और शहर हो या फिर गांव जब बारातें निकालनें के दौरान अव्यवस्था फैलती है तो लोगों का अनेक प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते आज के युग में हर शख्स आर्थिक संकट झेलने विवश है। समय का ताकाजा है कि शादियाॅ सादगी के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलनों से करने से जहां धन की फिजूल खर्चे को रोका जा सकता है। वही सरकार की योजना का जोड़ो को लाभ मिलने से उनकी जिन्दगी खुशहाल बनने से नही चूक रही है। इस प्रकार शादी के दौरान फिजूली खर्च पर रोक लगाने के सामूहिक सम्मेलनों के माध्यम से ही अपने बेटी व बेटों की शादी करते हुये शासन की योजनाओं का लाभ लेने के हकदार बने। इस संबंध में जब क्षेत्र के उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि अक्षय तृतीय शादी के लिये शुभ मुहुर्त माना जाता है। आज अनेक जगहों पर शादियों के आयोजन होगे। वही अनेक युवा अपने दाम्यपात्य जीवन की शुरूआत करेगे। मगर अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपनी पुरानी परम्पराओं के चलते इस प्रकार के छोटे बच्चों की शादी कर देते है जो बाल विवाह की श्रेणी में आता है और बाल विवाह करना निश्चित ही अपराध की श्रेणी में आता है। इस प्रकार से बाल विवाहों को रोकने के लिए प्रशासन की टीम द्वारा पैनी नजर रखी जावेगी। यदि किसी जगह पर लड़की उम्र 18 वर्ष व लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के जोड़ो की शादी होते हुए पाई जाती है तो कार्यवाही की जावेगी। वही नगर निरीक्षक विक्रम रजक का कहना है कि आज अक्षय तृतीया के मौके पर शादी का शुभ मुहुर्त माना जाता है। इसी के चलते आज अनेक युवा अपने दाम्यपत्य जीवन की शुरूआत करेगे। मगर सभी लोगों से अपेक्षा है कि वह अपने बच्चों की शादी के लिये बेटी की उम्र 18 साल व बेटा की उम्र 21 साल होने के बाद ही करेगे। आज मचने वाली शादियों की धूम के बीच प्रशासन की टीम द्वारा इस पर विशेष नजर रखी जावेगी। यदि कही से भी बाल विवाह होने की सूचना मिलती है तो सक्षम अधिकारियों के दिशा निर्देष में कार्यवाही की जावेगी।

## दादा धूनी वालों की नगरी में पहलगाम घटना पर विरोध जताते हुये पुतला दहन के साथ मृतकों को अर्पित किये श्रद्वासुमन



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

देश के जम्मू काश्मीर प्रांत में जिस तरह आतंकबादियों द्वारा घूमने गये हुये पर्याटकों पर गोली चलाते हुये उनकी हत्या की गई उसके चलते पूरे देश में जहां पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सख्त कार्यवाही करने की अपेक्षा जताई जा रही है। इसी प्रकार से दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में भी बीते हुये दिवस हिन्दू संगठनों के साथ साथ नगर के व्यापारी वर्ग व युवाओं द्वारा घटना में मृत हुये देशवासियों की आत्मा की शांति के दिये दीप जलाते हुये श्रद्वासुमन अर्पित करने के साथ साथ एक आक्रोश रैली निकालते हुये आतंक बाद का पुतला दहन किया गया। इस दौरान अनेक वक्ताओं द्वारा कहा कि आतंकवादियों को लेकर जिस तरह कहा जाता है कि उनका कोई जात व धर्म नही होता है। मगर जम्मू काश्मीर की सच्चाई जिस तरह सामने आ रही है कि आतंकवादियों द्वारा वहां पर मौजूद लोगों का धर्म पूछते हुये ही गोलियाँ चलाते हुये 27 लोगों की हत्या की गई है। इससे अब यह बात सामने आ चुकी है कि आतंकवादी अब सिर्फ धर्म को निशाना बना रहे है। जबकि हम हमारे देश में विपरित धर्म के लोगों को भी सम्मान देने में पीछे नही है। इस प्रकार से हमारा भारत देश सर्वधर्म को महत्व दे रहा है। मगर वही दूसरी ओर हमारे धर्म पर जिस तरह प्रहार किया जा रहा है उससे यह बात स्पष्ट है कि आतंकवादी धर्म के आधार पर ही चलते हुये हिन्दूओं को अपना निशाना बनने में पीछे नही है..? इस तरह दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में आतंकवादियों के खिलाफ निकाली गई जन आक्रोश रैली में भारी मात्रा में नगर सहित आसपास के गांवों से आये हुये लोग शामिल थें।

## निजी फाइनेंस कंपनियों ने गांव गांव फैलाया अपना गोरखधंधा, मोबाईल के नाम पर ग्रामीणों को गुमराह करते हुये किया जा रहा आर्थिक शोषण




हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

कुछ दिनों तक रोक लगने के बाद अब फिर क्षेत्र के गॉवों मे ऐसी निजी फाइनेंस कम्पनियों से जुड़े हाईटेक युवकों की रेडी उतर आयी है जो छोटे धंधों की शुरूआत के लिए ग्रामीण युवाओं सहित महिलाओं को ऋण देने का आश्वासन देकर अपने प्रलोभन के जाल मे गॉवों की भोली भाली अशिक्षित महिलाओं को फॅसाकर बड़े मीठे अंदाज मे उनका आर्थिक शोषण करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है। हासिल जानकारी के अनुसार क्षेत्र के आसपास अनेक गांवों मे लम्बे समय से एक तथा कथित फाइनेंस कम्पनियों से सम्बंधित कुछ युवक गॉव गांव भ्रमण करते हुये जहां युवाओं को मोबाईल फाईनेंस करने की बात को लेकर तो दूसरी ओर महिलाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ सिखाते हुए उन्हे ठगने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? इस तरह फाईनेंस कंपनियों के नाम से गांव गांव घूम रहे तथा कथित लोगों द्वारा ग्रामीण युवाओं को महंगे कीमतों के मोबाईल किस्तों पर उपलब्ध कराने के नाम पर जरूरी दस्तावेज लेते हुये फाईनेंस कराने के नाम पर पैसा बसूलते हुये देखे जा रहे है। इतना ही नही शुरूआत तौर में कम पैसा लगने के नाम पर ग्रामीण युवा इनकी बातों में आकर घर बैठे कर्जदार बनते चले जा रहे है। क्योंकि जरूरत न होने के बाद भी किस्तों पर महंगी सामग्री खरीद देने के बाद जब फाईनेंस हुआ कर्ज नही चुक पाता है तो युवाओं की सिबिल खराब होने की स्थिति में आने वाले भविष्य के लिये आर्थिक सहयोग के द्वार बंद होने से नही बच पा रहे है..? क्योंकि गांव गांव घूम रहे फाईनेस करने वाले लोगों की लच्छेदार बातों में आते हुये घुमराह होकर खुद का कैरियर बर्बाद करते हुये जरूरत न होने के बाद भी घर बैठे कर्जदार बनते हुये देखे जा रहे है..? वही दूसरी ओर महिलाओं को भी फाईनेंस कंपनियों द्वारा आत्मनिर्भर बनाने की बात कहते हुये कंपनियों उन्हें फाईनेंस के नाम पर जिस तरह गांव गांव गोरखधंध चलाया जा रहा है उसके चलते ग्रामीण महिलाओं गुमराह होते हुये जरूरी दस्तावेज देते हुये कर्जदार बनने से नही चूक रहे है..? इस गांव गांव घूम रहे फाईनेंस के नाम पर ग्रामीणों को आर्थिक शोषण करने वालों पर लोगों द्वारा शासन प्रशासन से सख्त कार्यवाही की मांग की जा रही है। सूत्रों से मिल रही जानकारियों के अनुसार इन फाइनेंस कम्पनी से जुड़े लगभग 18-20 वर्ष के युवक हर सप्ताह ग्रामीण महिलाओं की बैठक भी करते है, जिसमें वे महिलाओं को लच्छेदार भाषा मे समझाते है कि छोटा व्यापार कर ग्रामीण महिलाएॅ काफी धन कमा सकती है। इस तरह युवाओं की बातों में महिलाये गुमराह होकर जरूरत न होने के बाद भी पैसा लेते हुये कर्जदार बनते हुये देखी जा रही है..? इस तरह ग्रामीण महिलाएॅ इन युवकों की बाते सुनकर विभोर होकर अपने लड़कों की उम्र के फायनेंस कम्पनी के इन युवकों को सर कहने लगती है और उनसे ऋण लेने तैयार हो जाती है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मे भी क्षेत्र मे निजी फायनेंस कम्पनियों के गोरखधंधें की बहुत सी शिकायते सामने आयी थी जिसके चलते क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की पहरेदारी के चलते इस पर काफी हद तक अंकुश लग गया था। मगर कुछ दिनों की रूकावट के बाद फिर यह कंपनियों द्वारा ग्रामीणों को गुमराह करते हुये कर्जदार बनाने की शुरूआत कर दी गई है।

## नगर की राजेश्वरी कॉलोनी में शिक्षिका के घर को चोरों बनाया निशाना, सोने चांदी के जेवर सहित टीवी कर दी पार







हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

नगर में जिस तरह चोरी की घटनाओं में इजाफा होते हुये देखा जा रहा है उससे अनुमान लग रहा है कि शायद तेज गर्मी सहित चल रहे शादियों के सीजन का फायदा उठाने के लिये चोरों ने फिर अपना डेरा जमा लिया गया है..? इसी के चलते चोर सोने घरों को अपना निशाना बनाते हुये पुलिस की रात्रिगोलीन गस्त व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक रहे है..? क्योंकि बीते हुये दिनों में नगर के अंदर घटित हुई अनेक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वालों की खोज करने में पुलिस अभी तक असफल दिखाई दे रही है। मगर रात्रिकालीन गस्त व्यवस्था सख्त होने के चलते चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगा हुआ दिखाई देने लगा था। इस तरह कुछ दिनों के अंतराल से जिस तरह नगर में चोरी की घटनाये घटित होते हुये देखने मिल रही है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि रात के समय पेहरा देने वाले लोगों द्वारा अपने अधिकारियों को गुमराह करते हुये गस्त व्यवस्था को मात्र फोटो तक सीमित कर दिया गया है। इसी का परिणाम है कि चोरों के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है और वह सूने घरों को अपना निशाना बनाने में सफल दिखाई देने लगे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर की राज राजेश्वरी कालोनी में देखने मिली है जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा एक शिक्षिका के सूने घर को अपना निशाना बनाते हुये सोने चांदी के जेबर सहित नगदी रूपया व घर में लगी हुई टी व्ही का पार कर डाला है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नगर के राजराजेश्वरी कालोनी निवासी एक शिक्षिका द्वारा बताया हे कि वह अपने किसी काम से गांव गई हुई थी वापिस आकर देखा तो घर का ताला टूटा पड़ा हुआ था। वही घर के अंदर रखी हुई अलमारियों का पूरा समान बिखरा हुआ था। वही अलमारी में रखे हुये सोने के जेबर जिसमें मंगल सूत्र, कंठ्ठा तथा लगभग आधा किलों चांदी के जेबर सहित नगदी रूपया व दीवार पर लगी हुई टी व्ही गायब थी। इस तरह अज्ञात चोरों द्वारा सूने घर को अपना निशाना बनाते हुये जहां लगभग एक लाख से अधिक की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। वही घटना को लेकर पीड़िता द्वारा पुलिस थाने में शिकायत किये जाने पर पुलिस द्वारा चोरों की खोजबीन करने का पूरा भरोसा दिया गया है।

## अलग अलग घटनाओं में घायल

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

वाहन चालको की मनमानी इस तरह से देखने मिल रही है कि वह जिस बेलगाम गति से वाहनों को दौड़ाते हुये देखे जाते है। इसका परिणाम है कि आये दिन सड़क दुर्घटनाये घटित होना आम बात होती चली जा रही है। कुछ इसी प्रकार से क्षेत्र में अलग अलग घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं में लोगों को चोटे पहुंची है। घटना के संबंध में नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस जगदीश वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै बैल्डिंग का काम करता हूं। बीते हुये दिवस मेरा भाई सत्तार खान अपनी मोटर साईकिल से किसी काम के चलते वायपास मार्ग से जा रहा था उसी दौरान तालाब के पास पीछे से आ रहे एक आटो क्र. MP-04-YJ6224 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपने आटों को चलाते हुये प्रार्थी के भाई सत्तार खान की मोटर साईकिल में टक्कर मारे जाने के कारण सत्तार खान को चोटे आने के चलते गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार से नगर की सांईधाम कालोनी निवासी एक युवक द्वारा भी पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह शिवशक्ति आटों पार्ट्स की दुकान पर काम करता है। बीते हुये दिवस जब वह छीपा होटल नास्ता लेकर अपनी मोटर साईकिल से जा रहा था उसी दौरान डम्फर क्रमांक MP 15 HA 8519 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपने डम्फर को चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी को चोटे आने के कारण चिकित्सालय में इलाज के लिये भेजा गया। वही अलग अलग घटित हुई घटनाओं को लेकर पुलिस पीड़ितो की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालको के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।




## क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में वृद्धावस्था पेंशन योजना से बंचित है पात्र हितग्राही

**सालीचौका।** शासन द्वारा अनेक योजनायें चलाकर वृद्धों एवं गरीबों का भला करने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं व पुरूषों की हालत दिन पर दिन दयनीय व पीड़ा दायक होती जा रही है, इस हेतु शासन ने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी मगर देखा जा रहा है कि शासन की इस योजना को पंचायत में बैठे कर्णधारों द्वारा शासन के नियमों को अनदेखा कर पात्रजनों को इसका लाभ ना देकर अपात्रों को दिया जा रहा है? वही क्षेत्र की कुछ पंचायतों की सच्चाइ्इर तो प्रकार से देखी जा रही है कि वहां पर शासन की कई अन्य योजनायें भाई-भतीजावाद की शिकार हो रही हैं जिसके कारण आज इन वृद्धों को शासन की अनेक योजनायें चलने के बाद भी भूखों रहने की नौबत आ रही है। शासन द्वारा वृद्धों के लिये वृद्धावस्था सुरक्षा पेंशन का फार्म निकालकर यह नियम लागू किया गया था, मगर इस योजना का लाभ अनेक निःसहाय वृद्धों को नहीं मिल पा रहा है।



**खबर संक्षेप**

## वासु दुबे व देव कुमार दुबे का सुयश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहपुरा।

डिंडोरी जिले के जनपद शहपुरा मुख्यालय निवासी रिटायर फौजी सुरेश कुमार दुबे व अर्चना दुबे (स्वास्थ विभाग) के दोनों पुत्रों का केंद्र सरकार में चयन। दादा स्वर्गीय श्री झनक लाल दुबे (मुन्ना महाराज), नाना स्वर्गीय श्री लक्ष्मी प्रसाद तिवारी (बृजवासी)। वासु दुबे का स्टाफ सिलेक्शन कमीशन कम्बाइंड ग्रेजुएशन लेवल एग्जाम (SSC CGL 2024) की परीक्षा में जी.एस.टी/एक्साइज इंस्पेक्टर एवं देव कुमार दुबे ने IBPS PO 2024 की परीक्षा पास करके बैंक ऑफ बडौदा में बैंक मैनेजर के पद पे चयन लिया जिसका रिजल्ट 1 अप्रैल 2025 को घोषित हुआ था। वासु दुबे ने SSC CGL 2024 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक (AIR) 2075 हासिल की है जिसका रिजल्ट 12 मार्च 2025 को घोषित हुआ था। दिनांक 26.04.2025 को देश के 47 स्थानों पे आयोजित रोजगार मेला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 51000 युवाओं को नियुक्ति पत्रों को हरि झंडी दी। बता दें की वासु दुबे को पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं वर्तमान में कैबिनेट मंत्री भारत सरकार श्री शिवराज सिंह चौहान (मामा जी) द्वारा अपॉइंटमेंट लेटर प्राप्त हुआ। विदित हो कि वासु दुबे ने SSC CGL 2022 एवं 2023 परीक्षा भी पास की थी। वर्तमान में वह जबलपुर कमिश्नरेट में कार्यरत हैं एवं देव कुमार दुबे का अहमदाबाद में प्रशिक्षण चल रहा हैं।

## जिले के प्रभारी मंत्री का जीवन कौशल के अधिकारियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर।

जिले के मध्यप्रदेश शासन के पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार से शिष्टाचार भेंट की गई एवं प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत किया। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग भोपाल व मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से संचालित सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत 21वी सदी के जीवन कौशल विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की सराहना करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा बच्चों में जीवन कौशल का विकास आज की आवश्यकता है ऐसे कार्यक्रम न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायक हैं, बल्कि एक सशक्त समाज निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, शासन स्तर पर हम इस दिशा में पूरा सहयोग देने के लिए आश्वासन देते हैं। यह मुलाकात जिले में जीवन कौशल कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विस्तार के लिए एक सकारात्मक कदम रही। उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान कोतमा से विधयाक एवं मंत्री दिलीप जायसवाल, अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह, जिला कलेक्टर, एसडीएम अनूपपुर, जिला पंचायत सीईओ एवं मैजिक बस इंडिया से ब्लॉक मैनेजर अंकित मिश्रा, आशीष मिश्रा उपस्थित रहे।

## अमरकंटक में आंधी तूफान के साथ हुई मूसलाधार बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अमरकंटक

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में आज एक बार फिर तेज आंधी तूफान गरज लपका के साथ 1 घंटे की अनवरत मूसलाधार बारिश हुई इसके साथ ही उसी रफ्तार से बड़े- आकार के ओला वर्षा भी हुई । आसमानी बारिश के साथ ही कुदरत का कहर लगभग 50 ग्राम के आसपास का बच्चों के खेलने वाले गोली बंटी से भी बड़े साइज का ओला पत्थर निरंतर गिरते रहे इससे आम जनमानस इस दौरान डरा एवं भयभीत रहा कि कहीं भीषण ओलाबारी एवं अति वर्षा से कच्चा घर छानी छप्पर सीमेंट की चादर सीट ना दरक जाए। उल्लेखनीय है कि कल भी पवित्र नगरी अमरकंटक में बारिश के साथ ओला बारिश भी हुई थी लेकिन आज हुई आंधी तूफान के साथ मूसलाधार वर्षा तथा उसी रफ्तार से बड़े आकार के आसमानी कहर के रूप में ओला पत्थर आज भी गिरे हैं। यह भी लेख

### कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 58 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंडोरी

**कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी।**






आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 58 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित कई आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिसमें छात्रवृत्ति न मिलने से परेशान एक छात्र जगदीश प्रसाद महोबे ने वर्ष 2021.22 की स्कॉलरशिप दिलवाने की मांग की, जिससे वह शिक्षा ऋण चुका सके। वहीं ग्राम खमरिया टिकरा टोला के ग्रामीणों ने रास्ते में अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए कहा कि इससे आपात सेवाओं और आवागमन में भारी समस्या हो रही है। आवेदिका श्रीमती प्रियंका यादव ने आवेदन प्रस्तुत कर पिछले एक वर्ष से वेतन न मिलने के कारण उत्पन्न आर्थिक संकट का जिक्र करते हुए जल्द वेतन भुगतान की मांग की। वहीं अनुकम्पा नियुक्ति में विलंब को लेकर भी एक आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें जगदीश प्रसाद महोबे ने अपने पिता की सेवा के दौरान मृत्यु उपरांत नियुक्ति की मांग की। ग्राम डुंगरिया के ग्रामीणों ने विद्युत कनेक्शन के लिए बिजली खंभे व ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई जनसुनवाई

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई 15 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया, जिन आवेदनों का तत्काल निराकरण संभव नहीं था, उसके लिए आवेदकों को समय-सीमा दे दी गई है। ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई आयोजित होने से आवेदकों को दूर-दराज क्षेत्रों से जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ता, इससे उनके समय और खर्च दोनों की बचत होती है। पंचायतों में प्राप्त आवेदनों को आवश्यकता अनुसार कार्यवाही हेतु उच्च स्तर पर भी भेजा जाता है।

## जाड़ासरंग पंचायत में हैंडपंप सुधार और बोर खनन के निर्देश



हरिभूमि न्यूज डिंडोरी

ग्राम पंचायत जाड़ासरंग के पोषक ग्रामों में पीने के पानी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामवासियों द्वारा सरपंच जयप्रकाश धुर्वे के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया। ग्रामवासियों को पीने के पानी के लिए छोटे-छोटे झिरियों का सहारा लेना पड़ रहा है।

सूचना प्राप्त होते ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामबाबू देवांगन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री अंशुल बिसेन के साथ तत्काल स्थल निरीक्षण के लिए ग्राम पंचायत जाड़ासरंग का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान सरपंच और ग्रामवासियों की उपस्थिति में पंचायत में स्थापित एकमात्र हैंडपंप की मरम्मत कार्य शुरू करवा दी गई। इसके साथ ही उपयंत्री को निर्देश दिए गए कि तीन दिवस के भीतर उपयुक्त स्थान पर नया बोर खनन कराया जाए ताकि ग्रामवासियों को स्थायी रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। यह निर्देश ग्रामवासियों के समक्ष दिए गए, जिससे उन्हें त्वरित समाधान का भरोसा मिल सके। निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित अमृत सरोवर निर्माण स्थल का भी अवलोकन किया गया, जहां भविष्य में जल संरक्षण हेतु तालाब निर्माण की योजना है। प्रशासन की इस तत्परता से ग्रामवासियों में राहत की भावना है और उम्मीद जताई जा रही है कि शीघ्र ही पानी की समस्या का समाधान हो सकेगा।

## मां नर्मदा पूर्णिमा महाआरती समिति के सदस्य करेंगे आमरण अनशन एवं जल सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहपुरा-डिंडोरी



जिले की शहपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपुर स्थित कन्हैया संगम मां नर्मदा के संपूर्ण घाट में फैले मलबे के कारण मां नर्मदा की धार लगातार बंद होती जा रही है कुछ वर्ष पूर्व यहां बने बड़े ब्रिज के निर्माण में संबंधित ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य उपरांत पूरा का पूरा मलवा नर्मदा के घाट पर ही छोड़ दिया गया था इसके बाद लगातार बारिश में आने वाले मलबे से नर्मदा की धार कम होती गई और आज यह स्थिति है कि पूरा घाट सूख चुका है यहां आने वाले श्रद्धालुओं को डुबकी लगाना तो दूर की बात अब लोटे से जल निकालना भी मुश्किल हो गया है मां नर्मदा पूर्णिमा आरती समिति जो लगातार मालपुर घाट पर कार्य करती आ रही है प्रत्येक माह की पूर्णिमा को यह लोग यहां पर महा आरती का भी आयोजन करते हैं और प्रतिवर्ष यहां पर नर्मदा महोत्सव में भव्य आयोजन भी करते हैं लगातार पूर्णिमा महाआरती समिति के सदस्यों के द्वारा प्रदेश के ग्रामीण एवं पंचायत कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल राज्य मंत्री राधा सिंह प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी सहित एसडीम कलेक्टर सभी को अवगत करा चुके हैं पत्र दे चुके हैं सभी ने आश्वासन भी दिया परंतु किसी भी आश्वासन के बावजूद नर्मदा में सफाई का कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है।

## ग्राम सूरजपुरा में नरवाई प्रबंधन को लेकर जागरूकता चौपाल आयोजित




### किसानों को दी गई वैकल्पिक उपायों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज, डिंडोरी

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने एवं किसानों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए जिले में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम सूरजपुरा, विकासखंड शाहपुरा में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन हेतु चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित करते हुए इसके विकल्पों की जानकारी दी गई। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्ट्रॉ रीपर यंत्र के माध्यम से हार्वेस्टर से कटाई के बाद भूसा तैयार किया जा सकता है। साथ ही मूंग जैसी फसलों की बुवाई के लिए हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग करने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के दौरान नरवाई के वैकल्पिक उपयोगों पर भी प्रकाश डाला गया, जिनमें पेलेट बनाकर औद्योगिक ईंधन के रूप में उपयोग, पैकेजिंग उद्योग, इको फ्रेंडली मूर्तियां और दीपक निर्माण शामिल हैं। किसानों को यह भी बताया गया कि वे नरवाई से जैविक खाद बनाकर न केवल रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम कर सकते हैं, बल्कि मिट्टी की सेहत भी सुधार सकते हैं।चौपाल कार्यक्रम में सहायक कृषि यंत्री पामेश भगत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गुमान सिंह चौहान, कृषि विस्तार अधिकारी साक्षी बिरला सहित ग्राम के अनेक कृषक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई न जलाकर पर्यावरण और कृषि दोनों की रक्षा करें।




## भृत्य रामबाई परस्ते को सेवानिवृत्ति पर दी गई शानदार विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहपुरा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) शहपुरा में लगातार 22 वर्षों तक भृत्य के पद पर कार्यरत रहीं रामबाई परस्ते को 62 वर्ष की सेवा अधिवार्षिकी पूर्ण करते हुए सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार के द्वारा शानदार विदाई दी गई। विद्यालय की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्राचार्य यशवंत कुमार साहू, बीईओ पीडी पटेल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रामबाई परस्ते के कार्य और व्यवहार अपने विचार व्यक्त कर सुखमय जीवन की कामना करते हुए विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी पीडी पटेल, प्राचार्य यशवंत कुमार साहू, केपी राय, श्याम झारिया, सरिता उइके, माया ठाकुर, सुरेश बनवासी, अर्जुन सिंह मरावी, उमाकान्त झारिया, पुरूषोत्तम साहू, प्रीतम साहू, तेजस्वनी कौरव, अमृता राजपूत, सुषमा ठाकुर, पूर्णिमा कोल, नेहा चौरसिया, अर्जुन मरावी, विजयन्त सोनी, चेतना मरावी, यशोदा साहू, मोनिका साहू, भीमशंकर साहू, विजय साहू, देवेन्द्र साहू, राजकुमार महार, गुलाब झारिया, अनिल साहू , मुकेश मरावी, रूक्मणी मरावी, बलदन सिंह भवेदी, नसीमा बानो सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## रेलवे मजदूर कांग्रेस ने पहलगांव घटना पर जताया दुख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर।

भारत देश में अनेकता जो एकता वहीं भारत की लोकतंत्र की मजबूत जड़ है। 22 अप्रैल को पहलगांव काश्मीर मे जो आतंकवादी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है वह हमारे दुश्मन मुल्क की एक सोची समझी साजिश के तहत आतंकवादियों ने जानबूझकर धर्म पूछकर आम नागरिकों की हत्या की है उनका मकसद यही था इस तरह से धर्म पूछकर हत्या करने से भारत देश के अंदर हिंदू मुस्लिम के दंगा फसाद होगा भारत देश कमजोर होगा पर इसी आतंकवादी घटना में एक काश्मीर के नागरिक ने आतंकवादियों के निर्दोष नागरिकों के हत्या का विरोध करते हुए शहीद हो गए ओर भारत अनेकता में एकता की बेहतरीन मिसाल कायम कर एक संदेश दिया, भारत के नागरिक बहुत समझदार है आतंकवादी के मकसद को हम सब सफल नहीं होने देंगे भारत के अंदर अनेकता में एकता को मजबूत करेंगे इस घड़ी में पुरा देश अपने भारत सरकार के साथ एकजुट होकर साथ खड़ा है, इस घटना में शहीद हुए सभी नागरिकों को रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर शाखा अनूपपुर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती उक्त उद्गार रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर द्वारा 28 अप्रैल को अनूपपुर स्टेशन में मजदूर कांग्रेस के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण एवं मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री के निर्देश पर पहलगांव आतंकी घटना में शहीद नागरिकों श्रद्धांजलि सभा में रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कही।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के ग्रामीणों का उत्साह

# जल स्रोतों की सफाई में निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी



जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। जन अभियान परिषद की टीम के साथ ग्राम केवलारी, करेगांव, मनकी और धुर्वे टोला आदि गांव में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने मिलकर अपने-अपने गांवों में जल स्रोतों की सफाई एवं संवर्धन का कार्य पूरी निष्ठा और उत्साह से किया।

अभियान के तहत तालाबों, हैंडपंपों के चारों ओर की गंदगी हटाई गई, कुओं की सफाई की गई और जल स्रोतों के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूली बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रमदान करते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया। जन अभियान परिषद के द्वारा बताया गया कि यह अभियान न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि इससे ग्रामीणों में जागरूकता भी बढ़ रही है। ग्रामीणों को जल संचयन, वर्षा जल संग्रहण तथा पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामवासियों और विद्यार्थियों की सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि जब समाज साथ आता है, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव संभव हैं।

### जल गंगा संवर्धन योजना हुई फ़ेल

एक और प्रदेश की सरकार जल गंगा संवर्धन कार्य चलाकर नदी तालाबों को संरक्षित करने का कार्य करने के लिए योजनाएं तैयार कर रही है तो वहीं हमारे जिले में यह योजना अब तक फेल साबित हुई है जल गंगा संवर्धन कार्य के नाम पर सिर्फ फोटो खींची जा रही है ना तालाबों का संरक्षण हो रहा है ना नदियों का डिंडोरी जिले के शहपुरा तहसील अंतर्गत मालपुर पंचायत में मां नर्मदा की धार कम होना अत्यंत गंभीर विषय है मां नर्मदा सभी की आस्था का केंद्र है लोग धार्मिक कार्यों के लिए यहां पर आते हैं परंतु शासन प्रशासन के उदासीन रवैया के चलते यहां के हालात दिनों दिन गंभीर होते जा रहे हैं

### पूर्णिमा महाआरती समिति के सदस्य प्रारंभ करेंगे आमरण अनशन एवं जल सत्याग्रह

मालपुर स्थित मां नर्मदा घाट की सफाई के लिए शासन और प्रशासन के द्वारा लगातार आश्वासन पर आश्वासन दिए गए परंतु अभी तक यहां पर कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ऐसी स्थिति में पूर्णिमा महाआरती के सदस्यों नेनिर्णय लिया है कि अब आगामी 5 में से कन्हैया संगम मां नर्मदा तट मालपुर में आमरण अनशन एवं जल सत्याग्रह प्रारंभ किया जाएगा इसके लिए समिति के सदस्यों ने मां नर्मदा की सभी भक्त एवं श्रद्धालुओं से अपील की है की सभी आगामी 5 मई से मालपुर मां नर्मदा तट पहुंचकर नर्मदा संरक्षण कार्य में अपना सहयोग अवश्य प्रदान करें।

## ग्रामीणों को बताया जल का महत्व संगोष्ठी आयोजित

# जल संरक्षण व संवर्धन की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर।



**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में करेली विकासखंड की नवांकुर संस्था रमपुरा व नन्हीं झामर के सेक्टर सुआतला में जल संगोष्ठी आयोजित की गई। जल संगोष्ठी में राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और जल का महत्व बताया।**

इस दौरान सभी को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। जल संगोष्ठी में बताया गया कि वर्षा जल के संग्रह के लिए हम सभी को व्यक्तिगत व पारिवारिक स्तर के साथ-साथ संगठनात्मक व सामुदायिक स्तर पर सोकपिट, कन्टूर ट्रेंच, खेत- तालाब, बोल्डर चेक, चेक डैम, कुआँ, बाबड़ी, वाटर हार्वेस्टिंग तथा कैटल कैनाल- पगबाधा नाली इत्यादि के जल संरचनाओं का निर्माण करना है। इसके अलावा वर्षाकाल में पौधारोपण करने और रोपे गये पौधों की सुरक्षा का जिम्मा भी हम सभी को उठाना होगा। पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई व जीर्णोद्धार सहित नवीन जल संरचनाओं के निर्माण किये जा रहे हैं।

### कंटूर ट्रेंच- खंती का किया निर्माण

जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जल संरचनाओं का निर्माण और पुरानी जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार आदि के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद के नेतृत्व में परिषद की नवांकुर संस्था डोंगरगांव- अंडिया की मुंगवानी सेक्टर के ग्राम चीलाचैन खुर्द में जल संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के उपरांत ग्राम के हैंडपंपों के आसपास सोकपिट बनाये गये। साथ ही जल संरक्षण की दृष्टि से कंटूर ट्रेंच- खंती का निर्माण कार्य किया गया। साथ ही जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। ग्रामीणों को बताया कि राज्य शासन जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चला रही है। अभियान के दौर सोकपिट, कंटूर ट्रेंच, खेत तालाब, बोल्ड चेक, चैक डेम, कुंआ, बावड़ी आदि के कार्य किये जा रहे हैं।

### विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली

मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में रंगोली बनाकर लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। विकासखंड समन्वयक सुश्री समित्य दांडे ने बताया की विद्यार्थियों एवं परामर्शदाताओं ने पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रोजेक्ट वर्क जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन जिस कार्य में छात्रों ने जन जागरूकता के लिए रचनात्मक गतिविधियों के साथ- साथ जल चैपाल, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन, संवाद व संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। पुरानी जल संरचनाओं की साफ-सफाई व वर्षा जल के संग्रह के सभी उपायों पर कार्य किया जा रहा हैं। छात्राओं ने अपने- अपने प्रयोगशाला ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश देने का कार्य किया जा रहा है।

### छात्राओं ने अपने हाथों में लगाई मेहंदी

जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में 30 जून तक निरंतर चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अंतर्गत जल संरचनाओं का निर्माण व पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई, ग्राम चैपाल, रंगोली प्रतियोगिता, जल संवाद, संगोष्ठी, रैली, शपथ, दीवार लेखन आदि के कार्य निरंतर किये जा रहे हैं। इस कार्य में जहां जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर की संस्थाओं के अलावा आम नागरिक भी अपनी सहभागिता स्वेच्छा से निभा रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में विकासखंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सामाज कार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की छात्राओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया।

## विद्युत समस्या को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर।

जिले के ग्रामीण अंचलों के लोग आए दिन विद्युत सम्बन्धी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उपभोक्ताओं के अलावा खासकर किसान विद्युत की सतत आपूर्ति न होने से बेहद परेशान है, उनके कृषि कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं, फसलें सूख रही हैं। जिससे आने वाले समय में उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। इन्हीं समस्याओं को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में कृषकों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के निदान की माँग की है। किसान बताते हैं कि 24 घण्टे में महज उन्हें 4 से 5 घण्टे ही बिजली मिल रही है, कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो सका है जिससे वह परेशान हैं। जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत सगौनी फीडर के ग्राम समनापुर, इमलिया, नयाखेड़ा, गरारु, महंगुआ आदि में बिजली की सप्लाई में गड़बड़ी व बिजली कर्मचारियों द्वारा अभद्रता करने के चलते सैंकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विद्युत आपूर्ति में सुधार किये जाने की मांग उठाई।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर मनाया चार्टर डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर।

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज ।** गत दिवस लीनेस क्लब संस्कार विगत 30 वर्षों से नगर में सामाजिक कार्यों में सेवारत है क्लब सदस्यों ने अपना चार्टर डे पर्यावरण संकल्प लेकर मनाया। इसके अंतर्गत, पेड़ पौधे लगाना, आसपास साफ सफाई रखना जल का संरक्षण करना और कचरे को यहां वहां न फेंक कर डस्टबिन में रखने का संकल्प लिया। इसी श्रृंखला में क्लब सदस्यों द्वारा कई मंदिर प्रांगण में डस्टबिन रखना गए ताकि मंदिरों में भी स्वच्छता बनी रहे सभी सदस्यों ने दीपक प्रज्वलित कर स्वच्छता और संरक्षण का संकल्प लिया। इसके साथ ही विगत दिनों पहलगाम में मारे गए निर्दोष नागरिकों को कैंडल मार्च निकालकर एवं मौन रखकर श्रद्धांजलि दी इस हृदय विदारक घटना पर दुख व्यक्त किया एवं सरकार से आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ज्योति तिवारी सचिव मनीष पुरोहित कोषाध्यक्ष ज्योति पचैरी के अलावा संध्या कोठारी, सुमन शर्मा, बलजीत कौर, कुसुम राजपूत, सुषमा मिश्रा, मनीषा टंडन ,रमा दुबे, शालू भाटिया अंजना दुबे आदि की उपस्थिति प्रमुख रही।

## आज मनाई जाएगी परशुराम जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर

आज सम्पूर्ण जिले मे श्री परशुराम जी की जयंती को लेकर सभी में उत्साह और उमंग है। पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी क्रम में आज 30 अप्रैल को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज एवं सर्व हिंदू समाज द्वारा प्रातः 9 बजे पूजन महाआरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम बरिया वाले हनुमान मंदिर पी डब्ल्यू डी ऑफिस के पास नरसिंहपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि भगवान परशुराम जी तो सभी हिन्दू समाज के भगवान हैं सभी समाज उनका सम्मान करती है,सभी समाज हमेशा से ब्राह्मणों का भी हमेशा से सम्मान करते आई है एवं शिक्षा, मार्गदर्शन भी सभी समाज का करते आई है इस वजह से हम सभी को मान सम्मान भी प्राप्त हुआ है आवश्यकता है कि सभी समाज के लोग मिलजुल कर परशुराम जी के जन्मोत्सव को मनाए।

## शाला प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज:नरसिंहपुर

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में शाला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्य व सचिव जीएस पटैल ने विगत वर्ष का पालन प्रतिवेदन एवं सत्र 2024- 25 का आय- व्यय लेखा प्रस्तुत किया। बैठक में डॉ. अशोक उदेनिया ने वर्ष 2025- 26 के लिए 26 सूत्रीय एजेंडे का बिंदुवार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में चर्चा उपरांत समिति की अध्यक्ष श्रीमती पटले व समिति की सर्वसम्मति से बालक- बालिका छात्रावासों में व्यवस्थाओं, विद्यालय की अधोसंरचना निर्माण एवं विस्तार, फर्नीचर की मरम्मत, शुद्व पेयजल शोधन यंत्र, पाठ्य सहगामी गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थायें, विषय शिक्षकों की उपलब्धता, अंश- कालीन कर्मचारियों की मानदेय वृद्धि एवं विद्यालय सौंदर्यीकरण के लिए व्यवस्थाओं की स्वीकृति प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### आनंद महापरिषद के जिला अध्यक्ष बने



**तेंदूखेड़ा हरिभूमि न्यूज।** विगत दिनों राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के प्रदेश अध्यक्ष डा अजय श्रीवास्तव द्वारा आनंद नारायण श्रीवास्तव को नरसिंहपुर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनका मनोनयन दो वर्ष के लिए रहेगा जो सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और नई कार्यकारिणी के माध्यम से जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

### ननिहाल पहुंचने पर शिवानी का हुआ जोरदार स्वागत



**तेंदूखेड़ा हरिभूमि न्यूज।** विगत दिनों घोषित हुए संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा परिणामों में शिवानी तिवारी ने आल इंडिया रैंकिंग में 294 वां स्थान अर्जित किया है। जबलपुर निवासी सतीश तिवारी श्रीमती सरिता तिवारी की सुपुत्री शिवानी का तेंदूखेड़ा में ननिहाल है। जबलपुर से भोपाल जाते समय नगर के बाजपेई परिवार और शुभचिंतकों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिनंदन करते हुए शिवानी के उज्वल भविष्य की कामना की है।इस मौके पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिष्ठित गणमान्य जन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### गंगा सप्तमी पर भागीरथी जलाभिषेक

**तेंदूखेड़ा हरिभूमि न्यूज।** अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आगामी 4 मई को गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट पर सुबह 8 बजे से 11 बजे तक व्यापक नर्मदा शुद्धि अभियान रखा गया है । जिसमें सभी गायत्री परिजन अपने परिचितों सहयोगीयों के साथ मिशन की वेशभूषा पर समय पर पहुंचेंगे ।स्वच्छता अभियान के समापन पर 11 बजे भोजन प्रसाद के साथ तेंदूखेड़ा एवं गाड़रवारा के परिजनों की ककरा घाट धर्म शाला पर आवश्यक गोष्ठी भी रखी गई है ।तेंदखेडा शाखा ने सभी परिजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### मंत्री श्री पटेल का आगमन आज

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज ।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल बुधवार 30 अप्रैल को जिले के प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री पटेल बुधवार 30 अप्रैल को सागर से प्रस्थान कर दोपहर एक बजे जिले के करेली आयेंगे।

### जनसुनवाई में आये 94 आवेदन

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज ।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए।

### नगर में कुत्तों का आतंक, 10 वर्षीय बच्ची को काटा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश में कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में कुत्ते मासूम बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर रहे हैं। ताजा मामला सिवनी जिले से सामने आया है। यहां पर घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची को बुरी तरह नोचा है। बच्ची अस्पताल में भर्ती है। दरअसल, पूरा मामला शहर के विवेकानंद वार्ड का है। यहां एक 10 साल की मासूम बच्ची जैसे ही अपने घर के बाहर निकली तुरंत आवारा कुत्ते ने बच्ची पर हमला कर दिया। वह बच्ची को कमर के पास नोचना शुरु कर देता।

